# छात्राओं को अश्लील इशारे करता है बुजुर्ग

## निरीक्षण के दौरान टीआई को मिली शिकायत, वृद्ध को तलाश रही पुलिस

**बेगमगंज, 11 दिसंबर. बालिकाओं से संबंधित अपराधों पर नियंत्रण करने और असमाजिकतत्वों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर पुलिस ने गुरुवार को साफ संदेश दे दिया कि अब किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी नहीं चलेगी.**



पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस कमलेश खरपुशे एवं एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में गुरुवार को थानाप्रभारी राजीव उइके ने पुलिसबल के साथ नगर की शैक्षणिक संस्थानों के आसपास एवं प्रांगण में औचक निरीक्षण किया. जिससे कन्या स्कूलों के आसपास मंडराने वाले असामाजिकतत्वों में खलबली मच गई और पुलिस की सघन चेकिंग अभियान की भनक लगते ही गायब हो गए.

टीआई उइके ने पीएमश्री शा. कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के सामने पहुंचकर स्कूल के सामने एवं आसपास लगी दुकानों को सख्ती से हटवाकर दुकानदारों को चेतावनी दी कि आगे फिर से अतिक्रमण ना करें अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी. उक्त दुकानों पर असामाजिकतत्वों का जमावड़ा ना लगे और छात्राओं को स्कूल आनेजाने में कोई दिक्कत ना हो इसलिए हटना आवश्यक है. उपरोक्त अतिक्रमण के खिलाफ स्कूल प्रबंधन भी कई बार प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस को आवेदन दे चुका है.

गर्ल्स स्कूल पहुंचकर टीआई उइके ने शिक्षक- शिक्षिकाओं को मार्गदर्शन देते हुए अपनी -अपनी कक्षाओं में छात्राओं को असामाजिकतत्वों से बचकर रहने, किसी के झांसे में नहीं आने और अपने परिवार की इज्ज़त रखते हुए सीधे चुपचाप स्कूल आने पढ़ाई पर ही ध्यान देने ओर घर जाने के साथ सोशल मीडिया से दूर रहने के लिए गाइड करें, ताकि वे किसी भी प्रकार के गलत रास्ते पर ना जाएं . इस बीच शिक्षिकाओं ने चौकाने वाली शिकायत करते हुए बताया कि स्कूल की दूसरी मंजिल पर खिड़की में बैठी कक्षा 10 वीं की छात्राओं को सिविल अस्पताल प्रांगण में खड़े होकर एक वृद्ध छेड़छाड़ करता है. वहां से उन्हें अश्लील इशारे करता है. इस पर टीआई उइके ने कक्षा में जाकर पीड़ित छात्राओं के बयान लिए और उक्त व्यक्ति की तलाश में पुलिसकर्मियों को तैनात किया है.

> थानाप्रभारी उइके ने बताया कि सघन चेकिंग अभियान जारी रहेगा और मजनुओं की धरपकड़ के लिए मुखबिर तंत्र के साथ सादा कपड़ों में पुलिसकर्मियों को भी लगाया जा रहा है. सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्राओं को मोबाइल नम्बर नोट करा दिए गए हैं. ताकि विकट परिस्थितियों में तत्काल पुलिस को सूचित करें.

# केबल बदल रहे हेल्पर को लगा करंट

## ठेकेदार बिना सुरक्षा के करा रहा था काम

**बेगमगंज, 11 दिसंबर. नगरीय क्षेत्र में सभी 18 वार्डों में विद्युत केबल बदलने का काम निजी ठेकेदार द्वारा बिना सुरक्षा उपकरण दिए जानजोखिम में डाले मजदूरों से बिजली के खंभों पर काम कराया जा रहा है, जबकि पूर्व में हुए हादसों के कारण स्थानीय बिजली अधिकारियों ने संबंधित ठेकेदार को सेफ्टी उपकरण के साथ काम कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन हठधर्मिता के चलते गुरुवार को गंभीर हादसा हो गया. केबल डालते समय अचानक बिजली चालू होने से करंट प्रवाहित होते ही एक मजदूर 15 मिनट तक खंबे पर लाइन से चिपका रहा, जब बिजली सप्लाई बंद कराई गई तब मजदूर नीचे गिरा.**



जिसे तत्काल लाकर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया .

सूत्रों के अनुसार नगर में नवीन विद्युत केबल ढालने का काम चल रहा है. सागर- भोपाल मुख्य मार्ग पर स्वराज ट्रैक्टर एजेंसी एवं अस्पताल मार्केट के बीच कोने पर लगे हुए खंभे पर विद्युत केबल डल रही थी और तब विद्युत सप्लाई बंद थी, लेकिन अचानक विद्युत सप्लाई चालू होते ही खंभे के ऊपर चढ़ा मजदूर रामनरेश भार्गव 25 वर्ष पिता पच्चा लाल भार्गव निवासी सीतापुर लखनऊ उत्तरप्रदेश करंट की चपेट में आकर चिपक गया. करीब 15 मिनट तक वह चिपका रहा.

ये माजरा देखकर दूसरे मजदूरों द्वारा चीख पुकार मचाई गई. बिजली ऑफिस खबर किए जाने के बाद जब विद्युत सप्लाई बंद हुई तब मजदूर धड़ाम से नीचे गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया. उसको तत्काल उठाकर सिविल अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया. यहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है. मीडियाकर्मियों द्वारा जब ठेकेदार से उसका नाम पूछने के साथ पूछा गया कि बिना सुरक्षा उपकरण के मजदूरों से जोखिम भरा काम क्यों कराया जा रहा है तो ठेकेदार बुरी तरह भड़क गया और नाम बताने से इनकार करते हुए मीडियाकर्मियों से अभद्र व्यवहार किया .घटना से नगर में सनसनी फैल गई है.



# अनुयायियों ने मनाया ओशो का 94 वां जन्मोत्सव

▸ कुचवाड़ा के ओशोधाम आश्रम में हुआ आयोजन

**देवरी ( रायसेन ), 11 दिसंबर. ओशो आचार्य रजनीश का 94 वां जन्मोत्सव उनके अनुयायियों गुरुवार को ग्राम कुचवाड़ा स्थित ओशोधाम आश्रम में मनाया. इस अवसर पर ओशो की याद में शिष्यों ने गीत गाया. तीन साल बाद ओशो जन्म स्थान यानि ओशो हाउस खोला गया .**

रायसेन जिले की उदयपुरा तहसील के छोटे से ग्राम कुचवाड़ा में नाना के घर रजनीश चंद्रमोहन का जन्म हुआ था, जिन्हें आचार्य रजनीश, भगवान रजनीश और ओशो के रूप में पूरी दुनिया में पहचान मिली. इस महान दार्शनिक और विचारक ने अपनी अद्वितीय बौद्धिक क्षमता से दुनियाभर में लोकप्रियता पाई. ओशो का बचपन कुचवाड़ा में बीता और सात साल बाद कुचवाड़ा से गाडरवाड़ा जिला नरसिंहपुर चले गए. भारत सहित पूरी दुनिया को अध्यात्म से नई ऊर्जा देने वाले महान दार्शनिक आचार्य रजनीश (ओशो) का जन्मोत्सव मनाने के लिए रायसेन जिले के कुचवाड़ा में देश-विदेश से आए भक्तों का तांता लगा हुआ है. ओशो का जन्म ग्राम कुचवाड़ा में 11 दिसंबर 1931 को हुआ था. यह गांव खरगोन से 8 किलोमीटर की दूरी पर है तथा जिले की बरेली, उदयपुरा एवं सिलवानी तहसीलों को जोड़ता है . यहां स्थापित भव्य एवं विशाल ओशोतीर्थ आश्रम के संस्थापक जापान के स्वामी सत्यतीर्थ भारती थे. उनके बाद उनकी पत्नी मां पात्रा हैं. उनके अथक परिश्रम से यह आश्रम विशालता लिए है. ओशो का जन्म स्थल होने के कारण कुचवाड़ा अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त है. वही जापान ,गुजरात ,दिल्ली, रायपुर से आये भक्तों ने कहा कि यही है ओशो का स्वर्ग.

> जिन्होंने दुनिया को जीने का नया तरीका बताया था. लेकिन आज उनके जन्मस्थान की हालत काफी दयनीय हो चुकी है. जिला मुख्यालय से करीब 110 किमी दूर कुचवाड़ा गांव में रजनीश ओशो का घर और आश्रम है. करीब 150 साल पुराने इस घर की दीवारें जर्जर हो चुकी हैं, वहीं जालियों पर जंग भी लग गई है. घर के सामने ही नालियों का गंदा पानी बह रहा है तो कूड़े का ढेर भी लगा. इस स्थान को आध्यात्मिक पर्यटन के रूप में विकसित करने के ख्वाब उनके अनुयायियों और कुचवाड़ा गांव के लोगों को दिखाए गए थे, लेकिन यहां रत्तीभर भी काम नहीं हो पाया. आध्यात्मिक पर्यटन का सपना विवादों की भेंट चढ़ गया.

# आदिवासी छात्र-छात्राओं को वितरित किए बैग

**बाड़ी, 11 दिसंबर. बाड़ी नगर के आदिवासी सेवा संघ में आदिवासी छात्र-छात्राओं को वंशिका माइनिंग वर्क्स लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप द्वारा स्कूल बैग वितरित किए गए. इसके अलावा मोतलसिर के शासकीय विद्यालय में भी बच्चों को बैग दिए गए.**



वंशिका माइनिंग वर्क्स लिमिटेड के पार्टनर शाकिब अहमद एवं भोपाल से आए माइनिंग कॉर्पोरेशन से अर्जुन श्रीवास्तव ने वंशिका कंपनी के सीएसआर फंड के तहत स्कूलों के बच्चों को बैग वितरित किए. कंपनी का कहना है कि उदयपुरा एवं भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के कई विद्यालयों में लगभग 250 से ज्यादा बच्चों को बैग एवं पीने के पानी की बोतल का वितरण किया.

## सेमीकंडक्टर के लिए निटर तैयार कर रहा फैकल्टी

**भोपाल.** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग एंड रिसर्च (एनआईटीटीटीआर) भोपाल में मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के फैकल्टी मेंबर्स के लिए सेमीकंडक्टर साइंस एंड टेक्नोलॉजी एवं इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स विषय पर 5 दिवसीय 5 ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए जा रहे है, जिससे इस क्षेत्र के बारे में टीचर्स और उनके माध्यम से स्टूडेंट्स को भी इस इमर्जिंग एरिया के बारे में जानकारी मिल सके.



# राष्ट्र शौर्य समृद्धि नव कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 24 दिसंबर से

**साईंखेड़ा/सिलवानी, 11 दिसंबर. अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में नारी सशक्तिकरण वर्ष 2024-25 ग्राम साईंखेड़ा में राष्ट्र शौर्य समृद्धि नव कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का 24 दिसम्बर से 26 दिसम्बर 2025 तक आयोजन किया जा रहा है.**

आयोजक अखिल विश्व गायत्री परिवार तहसील सिलवानी ने बताया कि हमारे पूर्वजों ने सद्बुद्धि की देवी गायत्री को माता और सत्कर्म के जनक यज्ञ को पिता के रूप में पूजा, फलस्वरूप हमारी भारतीय संस्कृति विश्व की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति बनी और भारत जगतगुरु, चक्रवर्ती सम्राट, सोने की चिड़िया कहा जाकर सुख, सौहार्द, तथा धनधान्य संपन्न रहा. किन्तु आज पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव और मनुष्य की संकीर्ण स्वार्थ बुद्धि की उल्टी सोच के कारण भारतीय जनमानस अनगिनत समस्याओं और दैहिक, दैविक संकटों से जूझ रहा है. वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ, युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने गायत्री के तत्वदर्शन से जन-जन को जोड़कर एवं यज्ञ को घर-घर में स्थापित कर सभी समस्याओं के निदान का मार्ग हमें दिखाया है.

# पंच पदों के निर्वाचन क्षेत्र कोलाहल नियंत्रण क्षेत्र घोषित

▸ पंचायतों के उप निर्वाचन-2025

**रायसेन, 11 दिसंबर.** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन-2025 की घोषणा कर दी गई है. जिले के विकासखण्ड सांची, गैरतगंज, सिलवानी, बाड़ी और औबेदुल्लागंज के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में रिक्त पंच पदों हेतु उप निर्वाचन-2025 की घोषणा के साथ ही उक्त निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है. इस दौरान रायसेन जिले में जिन क्षेत्रान्तर्गत चुनाव सम्पन्न होना है, उन राजस्व सीमा के अंतर्गत ग्रामीण उप निर्वाचन क्षेत्रों में पंचायतों के पंच पदों हेतु उप निर्वाचन वर्ष 2025 के दौरान प्रचार-प्रसार में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का अनियंत्रित उपयोग लोकहित में नही है. जिसके दृष्टिगत लोक परिशांति बनाए रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया के शांतिपूर्ण परिसंचालन के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी मनोज उपाध्याय द्वारा मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा के तहत रायसेन जिले की उन ग्राम पंचायतों की सीमा क्षेत्र जहां पंच पदों का निर्वाचन सम्पन्न होना है, उन राजस्व क्षेत्र की सीमाओं में 10 दिसम्बर से निर्वाचन कार्य समाप्ति दिनांक तक की अवधि हेतु कोलाहल नियंत्रण क्षेत्र (सायलेंस जोन) घोषित किया गया है. इस अवधि के दौरान विहित प्राधिकारी की लिखित अनुज्ञा के बिना संबंधित क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 2(घ) के अंतर्गत सम्पूर्ण प्रतिबंधित क्षेत्र के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट संबंधित एसडीएम, तहसीलदार, अपर तहसीलदार, नायब तहसीलदार को उक्त अधिनियम के तहत विहित प्राधिकारी घोषित किया गया है. प्राधिकृत अधिकारी अपनी अधिकारिता क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति नियमानुसार शर्तो के आधार पर प्रदान कर सकेंगे.

# अनगढ़ हनुमान मंदिर में फरवरी में होगा रुद्र महायज्ञ

▸ ध्वजारोहण के साथ हुई तैयारियों की शुरुआत

**सिलवानी, 11 दिसंबर.** नगर के श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर, बजरंग चौराहा परिसर में आगामी फरवरी माह में भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहा है. मंदिर प्रांगण में रुद्र महायज्ञ तथा शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा की विशेष धार्मिक आयोजन किया जा रहा है. इस पावन अवसर को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और आयोजन की तैयारियाँ तेजी से आगे बढ़ रही हैं. गुरुवार को ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. ध्वजारोहण की वैदिक विधि पंडित संजय शास्त्री द्वारा कराई गई. उन्होंने बताया कि ध्वजारोहण किसी भी धार्मिक आयोजन की मंगल शुरुआत का प्रतीक होता है, इसलिए इसे पूर्ण विधि-विधान से सम्पन्न किया गया. आयोजन समिति के अध्यक्ष नारायण यादव ने बताया कि फरवरी में प्रस्तावित रुद्र महायज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है.

# सिलवानी में विश्व हिंदू परिषद ने निकाली वाहन रैली

**सिलवानी, 11 दिसंबर. 6 दिसंबर शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद द्वारा भव्य वाहन रैली निकाली गई. रैली का शुभारंभ नगर के विश्वकर्मा गार्डन से हुआ, जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई बजरंग चौराहा पर जाकर संपन्न हुई.**



कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी महेश नामदेव ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सूर्य दिवस ऊर्जा, जागरूकता और समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने का महत्वपूर्ण अवसर है. उन्होंने रैली में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले सभी कार्यकर्ताओं की सराहना की. इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रचार प्रमुख भंवर सिंह चौहान, बजरंग दल प्रांत सुरक्षा प्रमुख श्रीकांत गुर्जर, विहिप जिला मंत्री बलवंत सिंह ठाकुर, महेश नामदेव, श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर समिति अध्यक्ष नारायण यादव, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजीव सोनी, राजेंद्र सोनी, राघवेंद्र रावत, राहुल नामदेव, हीरा कुशवाहा, राघवेंद्र कुशवाहा, अमर रजक, अमित रजक, लकी कुलकर्णी, हरदयाल मेहरा, राजकुमार मेहरा सहित वाहन रैली अनेक कार्यकर्ता सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ.

**15 दिन से दहशत** ▸ बेगमगंज तहसील के साइबर रूम में मादा सांप ने दिए अंडे

# सपेरे ने बजाई बीन, फिर भी नहीं निकला सांप

**बेगमगंज, 11 दिसंबर. पिछले एक पखबाड़े से तहसील के रिकॉर्ड रूम में डेरा डाले करेत प्रजाति की मादा सांप ने अंडे दे दिए हैं जो गुरुवार को सपेरे ने देखे और उन्हें उठाकर बाहर ले आया. पिछले एक पखबाड़े से लाख कोशिशों के बाद भी सर्प पकड़ने वालों को सफलता नहीं मिली .**



सांप पकड़ने के लिए गुरुवार को सागर जिले के जैसीनगर से विट्ठल आदिवासी सपेरे को बुलाया गया था. जिसने फिल्मी स्टाइल में सांप को बाहर बुलाने के लिए खूब बीन बजाई, लेकिन सांप तो बाहर नहीं आया. लेकिन एक कक्ष के एक कोने में उसके अंडे रखे जरूर नजर आ गए जिन्हें उठाकर बाहर लाया गया. दो दिन पूर्व साइबर रिकॉर्ड रूम में जब कर्मचारी रिकॉर्ड रूम में एक फाइल लेने के लिए पहुंचे तो फाइल उठाते ही फुफकार सुनकर कर्मचारी सिहर गए थे और फ़ौरन बाहर भागे .

उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी तहसीलदार को दी थी, जिन्होंने फिर से सर्प पकड़ने वाले सपेरे को बुलाया, लेकिन सांप पकड़ में नहीं आया. अंडे रखे होने से ये तो पता चल गया कि सांप मादा है और अंडे देने के कारण अपना स्थान नहीं छोड़ रही है.

## भाभा विश्वविद्यालय में दीक्षारम्भ कार्यक्रम का समापन

**भोपाल.** भाभा विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 में प्रवेशित नवप्रवेशित छात्रों के लिए विगत दो सप्ताह से चल रहे दीक्षारम्भ कार्यक्रम का समापन गुरुवार को हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार थे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, दृढ़ निश्चय और नवाचार अपनाने की प्रेरणा दी. मंत्री परमार ने छात्रों और अभिभावकों से खचाखच भरे ऑडिटोरियम में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं नवीन शिक्षा नीति पर केंद्रित अपने भाषण में सभी को देश के गौरवपूर्ण इतिहास से अवगत कराया. विशिष्ट अतिथि मप्र निजी विवि विनियामक आयोग के सदस्य (प्रशासनिक) महेश चंद्र चौधरी उपस्थित रहे.

# खामखेड़ा तिराहे पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

▸ तिराहे पर आए दिन हो रहे सड़क हादसे

**सलामतपुर,11 दिसंबर. रायसेन जिले के भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर बेरखेड़ी चौराहा से आगे खामखेड़ा जोड़ पर ग्रामीणों ने सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है. स्थानीय लोगों का कहना है कि खामखेड़ा तिराहे पर न तो कोई संकेतक बोर्ड है और न ही स्पीड ब्रेकर, जिसके कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं.**



ग्रामीणों के अनुसार खामखेड़ा तरफ से आने वाले वाहन सीधे हाईवे 18 पर आ जाते हैं, जबकि भोपाल या विदिशा दिशा से आने वाले वाहन चालकों को तिराहा समझ ही नहीं आता. दृश्यता और संकेतों की कमी के चलते कई बार वाहन टकराव की स्थिति बन जाती है. लोगों ने प्रशासन से तुरंत सड़क सुरक्षा उपाय करने की मांग की है. या तो तिराहे पर स्पष्ट संकेत बोर्ड लगाए जाएं या फिर स्पीड ब्रेकर बनाकर वाहनों की रफ्तार नियंत्रित की जाए, ताकि इस तिराहा पर होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लग सके.

> **ऑटो और 407 में हो चुकी है भिड़ंत**
>
> खामखेड़ा जोड़ पर कुछ समय पहले ही एक भीषण हादसा हो गया था. जिसमें ऑटो और 407 वाहन की आमने-सामने टक्कर हो गई थी. टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो पलट गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं 407 वाहन का ड्राइवर मौके से फरार हो गया. दुर्घटना में ऑटो चालक चंदन साहू पिता राजू साहू उम्र 22 वर्ष निवासी शिवनगर भानपुर भोपाल गंभीर रूप से घायल हो गय था. यहां पर सुरक्षा के इंतजाम ना होने के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं.